षोडश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 — बुधवार, दिनांक- 13 फरवरी, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.05 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल** :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-140 अपृष्ठ ।
(iv) 198 तारांकित प्रश्न अनागत ।

अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर से असंतुष्ट होकर मुख्य विरोधी दल के माननीय सदस्यगण सदन से वहिर्गमन कर गए परन्तु शेष तारांकित प्रश्नोत्तर के समय वे सदन में वापस आ गए ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :-

माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम एवं श्री महबूब आलम, माननीय सदस्य श्री आलोक कुमार मेहता एवं श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा अलग अलग दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम एवं श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा अपने अपने कार्य स्थगन की सूचना को सदन में पढ़ा गया ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री ललन पासवान

इस दौरान मुख्य विरोधी दल के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार माननीय सदस्यों से अपने अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्रवाई भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद (दिनांक-12.02.2019 से जारी) :-**

आसन से घोषणा की गई कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में सरकार के उत्तर तक सदन की सहमति से सभा का विस्तार किया जाता है ।

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(ii) श्री रत्नेश सादा
(iii) श्री रामदेव राय
(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)
(iv) श्री विजय कुमार खेमका
(v) श्री महबूब आलम
(vi) श्री बशिष्ठ सिंह
(vii) श्री राजेन्द्र कुमार
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)
(viii) श्री ललन पासवान
(ix) श्री अनिल सिंह
(x) श्री समीर कुमार महासेठ

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर समाप्ति के कुछ समय पहले विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 47 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-14 फरवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-13.02.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।